PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Nai Dunia, New Delhi**
**Monday 6th October 2014, Page: 5**
**Width: 8.56 cms, Height: 9.70 cms, a4, Ref: pmin.2014-10-06.26.64**

## छत्तीसगढ़ में अनोखी पहल

# मेडिकल दुकानों में लगेंगे जेनेरिक दवाओं के बोर्ड

**बिलासपुर (ब्यूरो)।** प्रदेश की सभी दवा दुकानों में जल्द ही जेनेरिक दवाओं के बोर्ड लगाए जाएंगे। इसमें जेनेरिक दवाइयों के नाम और कीमत भी दर्शाई जाएगी, जिसकी तुलना ब्रांडेड दवाइयों के साथ की गई है। इसे देखकर ग्राहक जेनेरिक दवाइयों की मांग कर सकते हैं। पहले दिन शहर की 50 दवा दुकानों में बोर्ड का वितरण किया गया है।

सरकार ने सभी शा. डॉक्टरों को जेनेरिक दवाइयां लिखने की हिदायत दी है। छग केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने सरकार की इस नीति का समर्थन किया है। एसोसिएशन पदाधिकारियों की पहल पर अब सभी मेडिकल दुकानों में बोर्ड लगाए जाएंगे।




ऐसा होगा बोर्ड।